Web: www.uttaranchaldeep.com
Email-uttaranchaldeep@gmail.com



सूर्यास्त
उत्तराखण्ड में गुरुवार
सायं 5:58 बजे



सूर्योदय
उत्तराखण्ड में शुक्रवार
सुबह 6:54 बजे

सांध्य दैनिक
# उत्तरांचल दीप
सबके हाथ सच के साथ

हल्द्वानी | वर्ष 15 अंक 225 पृष्ठ 4 मूल्य 1.00 रु. | गुरुवार, 29 फरवरी 2024



करण राव की लापता लेडीज...पेज-3 पर

# विधानसभा सत्र का आज चौथा दिन, बजट पर शुरू हुई चर्चा

देहरादून
हमारे संवाददाता

उत्तराखंड विधानसभा सत्र का आज चौथा दिन है। विधानसभा में मंगलवार को पेश हुए पांच विधेयकों में से चार विधेयकों को बुधवार देर रात तक चली कार्यवाही के दौरान बिना किसी चर्चा के पारित कर दिया गया। अब सदन में बजट पर चर्चा शुरू हुई। उत्तराखंड विधानसभा सत्र के चौथे दिन भोजनावकाश के बाद बजट पर चर्चा शुरू हुई। इससे पहले सदन में नियम 58 के तहत आरक्षण पर चर्चा हुई। इस दौरान नेता प्रतिपक्ष यशपाल आर्य ने कहा, सरकार सीधे तौर पर आरक्षण खत्म करना चाहती है। वहीं संसदीय कार्यमंत्री प्रेमचंद अग्रवाल ने कहा, आरक्षण की मूल भावना में कोई बदलाव नहीं होगा। किसी को भी इससे नुकसान नहीं होगा। जिस भर्ती का रिजल्ट जारी हो जाएगा, एक माह के भीतर जॉइनिंग दी जाएगी। अगर निर्धारित अवधि में जॉइन नहीं किया तो उसका अभ्यर्थन निरस्त करते हुए, उसी रिजल्ट के दूसरे अभ्यर्थियों को मौका दिया जाएगा। विपक्ष का आरोप है कि आरक्षण सही नहीं दिया गया। वहीं



प्रेमचंद अग्रवाल ने कहा, स्वीकृत पदों के सापेक्ष ही आरक्षण का प्रावधान है। वहीं बिजली सरचार्ज पर नियम 58 के तहत बसपा विधायक मोहम्मद शहजाद ने मांग की कि बिजली सरचार्ज माफ करने की योजना लाई जाए। संसदीय कार्यमंत्री प्रेमचंद अग्रवाल ने कहा कि पहले से ही किसानों को निजी नलकूप और छोटे घरेलू उपभोक्ताओं को रियायती दरों पर बिजली दी जा रही है। सरचार्ज माफी की कोई योजना फिलहाल प्रस्तावित नहीं है। नियामक आयोग हर साल जनसुनवाई के बाद बिजली दरें तय करता है।

## News कॉर्नर

### सड़क हादसों के आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज

**हल्द्वानी।** सड़क हादसों के अलग-अलग मामलों में पुलिस ने तहरीर के आधार पर आरोपी चालकों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है। पुलिस को सौंपी तहरीर में रेलवे गेट शीशमहल निवासी साहब सिंह ने कहा है कि उसकी पुत्री ज्योति बीती 25 फरवरी की शाम दूध लेने निकली थी। तभी उसे तेज रफ्तार वाहन संख्या यूके 01 डी 5555 ने जोरदार टक्कर मार दी थी। इस हादसे में उसकी दर्दनाक मौत हो गई। उसने आरोपी चालक के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। वहीं दूसरी घटना में दमुवाढूंगा निवासी रविन्द्र कुमार ने तहरीर सौंपी है। कहा है कि उसकी मां बीना देवी 22 फरवरी को टहलने गई थी, तभी पिकप चालक ने लापरवाही से वाहन चलातेहुए उसकी मां को जोरदार टक्कर मार दी। जिससे उसकी मां बुरी तरह घायल हो गई। उसका अभी भी उपचार चल रहा है।

### पूंजी निवेश के नाम पर 18 लाख की धोखाधड़ी

**अल्मोड़ा।** लंदन मेटल एक्सचेंज नाम की फर्म ने महिला से पूंजी निवेश और अच्छा ब्याज देने का हवाला देकर 18 लाख रुपये से अधिक धनराशि ले ली और उसे भुगतान नहीं किया। पीड़ित ने संबंधित फर्म के खिलाफ तहरीर देकर धनराशि वापस दिलाने की गुहार लगाई है। नगर के तल्ला थपलिया निवासी अंजली सजवान ने कोतवाली में तहरीर दी। उसके मुताबिक एक फर्म ने उससे पूंजी निवेश के नाम पर आयकर सहित अन्य टैक्स जमा करने के लिए बीते 28 नवंबर 2023 से जनवरी 2024 तक 18,22,000 रुपये ले लिए। फर्म की तरफ से उसे निवेश की गई धनराशि ब्याज सहित तुरंत देने का झांसा दिया गया। उसने यह धनराशि जमा करने के लिए अपने खातों के साथ ही पिता का पेंशन खाता भी खाली कर दिया। लगातार संपर्क के बाद भी संबंधित फर्म धन नहीं लौटा रही है।

# जल्द तहसील स्तर पर फायर स्टेशन वाला पहला राज्य होगा यूपीः योगी

देहरादून
हमारे संवाददाता

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अग्निशमन सुरक्षा कवच के सुदृढ़ीकरण के लिए 38 अग्निशमन केंद्रों का लोकार्पण-शिलान्यास किया है। सीएम योगी ने 35 अग्निशमन वाहनों का फ्लैग ऑफ भी किया और विभाग की ओर से लगाई गई प्रदर्शनी का अवलोकन भी किया।

संकट के समय अग्निशमन सेवाओं की भूमिका से सभी भलीभांति परिचित हैं। इसी को ध्यान में रखकर वर्ष 1944 में प्रदेश में विभाग का गठन किया गया। वर्ष 1944 से 2017 के बीच 73 वर्षों में केवल 288 फायर स्टेशन स्थापित किये गये जबकि पिछले 7 वर्षों में 71 नए फायर स्टेशन स्थापित किए गये। आज हम प्रदेश में तेजी के साथ तहसील स्तर पर एक-एक फायर स्टेशन स्थापित करने की दिशा में अग्रसर हो चुके हैं।

उन्होंने कहा कि जल्द ही उत्तर प्रदेश पूरे देश में ऐसा राज्य होगा, जहां तहसील स्तर पर फायर स्टेशन होंगे। हमने कानून व्यवस्था में व्यापक रिफॉर्म के कार्यक्रम को आगे बढ़ाया है साथ ही उनके आधुनिकीकरण के लिए समयबद्ध तरीके से कार्यक्रम आगे बढ़ाए गए हैं।

उसी का परिणाम है कि प्रदेश में आज अग्निशमन विभाग प्रदेश की इमरजेंसी सेवाओं में एक बेहतरीन सेवा प्रदान करने के लिए अपने आप को तैयार कर रहा है। हमने विभाग की सेवाओं के सुदृढ़ीकरण के लिए अब तक लगभग 1400 करोड़ रुपये दिये हैं। ये बातें मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गुरुवार को अपने सरकारी आवास पर आयोजित अग्निशमन सुरक्षा कवच के सुदृढ़ीकरण के लिए 38 अग्निशमन केंद्रों का लोकार्पण/शिलान्यास एवं 35 अग्निशमन वाहनों के फ्लैग ऑफ कार्यक्रम में कही। इस दौरान सीएम योगी ने विभाग की ओर से लगाई गयी प्रदर्शनी का भी अवलोकन किया और अधिकारियों से अग्निशमन उपकरणों की जानकारी हासिल की।



# पुलभट्टा क्षेत्र के होटल के कमरे में पुलिस की दबिश

रुद्रपुर
हमारे संवाददाता

थाना पुलभट्टा पुलिस ने होटल के कमरे में जुआ खेल रहे 12 जुआरी दबोचे है। पुलिस ने उनके पास से 94 हजार छह सौ रुपये की नकदी बरामद कर ली। पकड़े गए आरोपितों के विरुद्ध जुआ अधिनियम के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया है।

थानाध्यक्ष पुलभट्टा कमलेश भट्ट के नेतृत्व पुलिस टीम ने बुधवार रात एक होटल में दबिश दी। इस दौरान होटल के एक कमरे मे जुआ खेलते 12 जुआरियों को दबोच लिया। पकड़े गए जुआरियों ने अपने नाम हफीज अहमद पुत्र हसीब अहमद निवासी वार्ड नंबर 13 किच्छा, रियाउद्दीन पुत्र नादे अली निवासी वार्ड नंबर 13 छोटी मस्जिद के पास, रहीस पुत्र अब्दुल हमीन निवासी बडी मस्जिद पंजाबी मोहल्ला वार्ड नंबर दस 10, जमुना प्रसाद पुत्र रोशन लाल निवासी ग्राम सतुईया थाना पुलभट्टा, तौसिफ रजा पुत्र इस्लाम खा निवासी वार्ड नंबर दस किच्छा, आकिब पुत्र मकबूल अहमद निवासी बडिया थाना किच्छा, जियाउल्लाह हसन पुत्र फदल हुसैन निवासी नूरी मस्जिद वार्ड नंबर 11 किच्छा थाना किच्छा, विमल कुमार पुत्र नित्यानन्द निवासी वार्ड नंबर दो सुनहरी किच्छा, आसिफ पुत्र याकूब खा निवासी नई सुनहरी वार्ड नंबर दो किच्छा, जावेद पुत्र कय्यूम निवासी वार्ड नंबर 11 नूरी मस्जिद थाना किच्छा, जिशान पुत्र ऐसान निवासी वार्ड नंबर 18 सिरौलीकला थाना पुलबट्टा, अकरम पुत्र इस्लामुद्दीन निवासी वार्ड नंबर 11 नूरी मस्जिद थाना किच्छा बताया।

पुलिस टीम में थानाध्यक्ष कमलेश भट्ट के साथ एएसआई प्रताप सुयाल, प्रदीप सिह, सुरेश पसबोला, हेड कांस्टेबल गोविन्द चंद , फिरोज खान, दीपक विष्ट, चारू पन्त , महेन्द्र सिंह विष्ट, अर्पित कुमार शामिल थे। एसओ भट्ट ने कहा एसडीएम से वार्ता कर होटल को सीज करने की कार्रवाई की जाएगी।

**हड़कंप**
- जुआ खेलते 12 जुआरी दबोचे, 94 हजार छह सौ की नकदी बरामद

# पुलिस ने टप्पेबाज गिरोह का तीसरा सदस्य दबोचा

रुद्रपुर
हमारे संवाददाता

पुलिस ने चैकिंग के ब्लॉक रोड पर हल्द्वानी निवासी एक बदमाश को तमंचा कारतूस और 5 हजार की नगदी के साथ गिरफ्तार किया। किसी आपराधिक घटना को अंजाम देने की फिराक में घूम रहा था।

गिरफ्तार बदमाश टप्पेबाज गिरोह का सदस्य है और वह रुद्रपुर में हुई एक घटना में शामिल था। पुलिस के मुताबिक बाजार पुलिस चौकी प्रभारी पंकज सिह महर, हेड कांस्टेबल आदर्श कुमार, भवानी राम के साथ क्षेत्र में चैकिंग कर रहे थे। इसी दौरान मुखबिर से सूचना मिली कि ब्लाक आफिस जाने वाली सडक पर एक संदिग्ध खड़ा है और वह किसी घटना को अंजाम देने की फिराक में है। पुलिस को देख वह भागने लगा। पुलिस ने घेराबंदी कर उसे दबोच लिया। पूछताछ उसने उसने अपना नाम अमान निवासी लाईन नंबर 13 आजादनगर थाना बनभूलपुरा हल्द्वानी बताया। एसएसआई कमाल हसन ने बताया कि गिरफ्तार आरोपी के पास से 5 हजार रुपये नगद, एक तमन्चा 315 बोर व एक जिंदा कारतूस बरामद हुआ। उन्होंने बताया कि अमान की रूद्रपुर बाजार क्षेत्र सब्जी मंडी गेट पर हुई एक लूट की वारदात में शामिल था और पुलिस उसकी तलाश में थी। उन्होंने बताया कि अमान टप्पेबाज गिरोह का सदस्य है और उसके दो साथी पहले जेल भेजे जा चुके हैं।

**कार्रवाई**
- 5 हजार रुपए और एक तमंचा बरामद, मार कर जेब से रुपए पार करते हैं

# सबसे शक्तिशाली भारतीयों की सूची में उत्तराखंड के सीएम

देहरादून
हमारे संवाददाता

सौ सबसे शक्तिशाली भारतीयों की सूची में उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी अपनी जगह बनाई है। हाल ही में लिए गए उनके कुछ खास फैसलों की वजह से उन्हें सबसे शक्तिशाली भारतीयों की सूची में शामिल किया गया है।

उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी को सबसे शक्तिशाली भारतीयों की सूची में जगह मिली है। सौ सबसे शक्तिशाली भारतीयों की सूची में मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी देश के 61वें सबसे शक्तिशाली व्यक्ति बन गए हैं। पिछले साल की सूची में सीएम धामी भारतीयों में 93वें नंबर पर थे। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी को राज्य में समान नागरिक संहिता विधेयक पारित कराकर और सख्त नकल विरोधी कानून बनवाकर उन्हें विशेष पहचान मिली। बता दें, कि उत्तराखंड में समान नागरिक संहिता का ड्राफ्ट मिलते ही सोशल मीडिया में भी मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी की मुहिम को वाहवाही मिली थी। नामी शख्सियत से लेकर सोशल मीडिया इंफ्लूंसर ने यूसीसी के ड्राफ्ट पर सीएम धामी के फैसले की जमकर तारीफ की। यूनिफॉर्म सिविल कोड एक्स पर ट्रेंड करता रहा।



# 80वीं जयंती पर स्वर्गीय वेद प्रकाश गुप्ता को दी श्रद्धांजलि

हल्द्वानी
हमारे संवाददाता

बीएलएम एकेडमी पदमपुर देवलिया द्वारा अपने संस्थापक अध्यक्ष स्वर्गीय वेद प्रकाश गुप्ता की 80 वीं जयंती पर उनको श्रद्धांजलि अर्पित की।

इस मौके पर वक्ताओं ने कहा कि बीएलएम परिवार स्वर्गीय वेद प्रकाश गुप्ता द्वारा स्थापित की गई इस अमूल्य विरासत को संरक्षित करने के लिए समर्पित है।मूल्य आधारित शिक्षा के क्षेत्र में नए मानकों को आगे बढ़ाने के हमारे संस्थाक के दृष्टिकोण को पूरे दिल से कायम रखता हैं। यह प्रतिबद्धता स्पष्ट हैं क्योंकि हम विचारो के आदान प्रदान के माध्यम से तालमेल को बढ़ावा देते हुए एक स्थिर मूल्य प्रणाली के साथ आधुनिक परिपेक्ष को सहजता से जोड़ते हैं इस मौके पर विद्यालय परिवार द्वारा भजन व प्रसाद वितरण किया गया। कार्यक्रम में प्रधानाचार्य गायत्री कवर,मुख्य प्रशासनिक अधिकारी अमर सिंह कंवर व विद्यालय परिवार के सभी सदस्य मौजूद रहे।



# कुमाऊं विश्वविद्यालय में संगोष्ठी का आयोजन

**नैनीताल**

**हमारे संवाददाता**



विद्यार्थियों में विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी के प्रति जागरूकता एवं वैज्ञानिक दृष्टिकोण विकसित करने हेतु राष्ट्रीय विज्ञान दिवस के विशेष मौके पर बुधवार को कुमाऊं विश्वविद्यालय के यूजीसी मालवीय मिशन शिक्षक प्रशिक्षण केंद्र के देवदार सभागार में संगोष्ठी का आयोजन किया गया।

संगोष्ठी को संबोधित करते हुए कुविवि के कुलपति प्रो. दीवान एस रावत ने कहा कि अब देश इंडीजेनस ज्ञान से विकसित भारत की तरफ बढ़ रहा है। भारत की ज्ञान परंपरा का अतीत प्राचीन एवं गौरवपूर्ण रहा है। बोधायन तथा कात्यायन, आर्यभट्ट, चरक, कणाद, वाराहमिहिर, नगार्जुन, अगस्त तथा भर्तृहरि, शंकराचार्य व स्वामी विवेकानंद जैसे अनेक महापुरुषों ने भारत भूमि पर जन्म लेकर अपनी प्रतिभा व मेधा से विश्व में भारतीय ज्ञान परंपरा के समृद्धि हेतु अतुलनीय योगदान दिया है। अंग्रेजों ने सदियों से चली आ रही भारतीय ज्ञान परंपरा की न केवल उपेक्षा की बल्कि उसे नष्ट-भ्रष्ट भी किया। वे कला, संगीत, साहित्य, न्याय, दर्शन, स्थापत्य, मूर्ति कला, योग, धातु विज्ञान, वस्त्र निर्माण, रसायन शास्त्र, गणित, खगोल, ज्योतिष, चिकित्सा और कृषि आदि विविध क्षेत्रों में भारतीयों की समृद्ध एवं गौरवशाली ज्ञान परंपरा से भली तरह परिचित थे। वे जानते थे कि इनके रहते भारतीयों को वास्तविक अर्थों में परतंत्र एवं परावलंबी नहीं बनाया जा सकता। इसलिए उन्होंने तमाम नीतियों एवं योजनाओं द्वारा पहले तो ज्ञान के इन परंपरागत स्त्रोतों को नष्ट किया और फिर सुनियोजित तरीके से इन सबके प्रति हम भारतीयों में हीन भावना विकसित की। उन्होंने कहा कि भारतीय ज्ञान, संस्कृति और परंपराओं में ही वह सामर्थ्य है जिससे भारत अकेले ही नहीं बल्कि पूरे विश्व को शांति पथ पर ला सकता है।

विज्ञान व प्रौद्योगिकी और शोध के दम पर ही हम 2047 तक विकसित भारत बन सकते हैं। स्वामी राम हिमालयन विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ0 राजेंद्र डोभाल ने कहा कि वैज्ञानिक सोच और उसके आधार पर जब हमारे देश में सामाजिक, आर्थिक और राजनीतिक निर्णय लेने की शुरूआत एक अनिवार्य प्रक्रिया के रूप में हो जाएगी तब ही हम गरीबी व बेरोजगारी और विदेशों में प्रतिभा के पलायन को समाप्त करने की दिशा में ठोस कदम उठा पाएंगे। संगोष्ठी का संचालन करते हुए प्रो0 ललित तिवारी ने राष्ट्रीय विज्ञान दिवस के सन्दर्भ प्रकाश डाला। इससे पूर्व संगोष्ठी में अतिथियों को पुष्प गुच्छ भेंट किए गए तथा कुलगीत एवम राष्ट्रगान से कायक्रम प्रारंभ हुआ। विज्ञान संकायाध्यक्ष प्रो. चित्रा पांडे ने सभी का स्वागत करते हुए कार्यक्रम की रूप रेखा प्रस्तुत की जबकि डीएसबी परिसर की निदेशक प्रो. नीता बोरा शर्मा ने भी शुभकामनाएं दी। अथितियों को शॉल उड़ाकर तथा हर्षित द्वारा तैयार उनके पेंसिल चित्र भेंट कर सम्मानित किया गया । क्विज तथा डिबेट के विजेताओं को नकद पुरुस्कार के रुप में क्रमश: 1000,800 तथा 500 रुपएं तथा प्रमाण पत्र दिए गए। इस मौके पर गुरुजन, छात्र-छात्राएं व कर्मी मौजूद रहे।

नगर के दुर्गापुर स्थित सरस्वती शिशु मंदिर में राष्ट्रीय विज्ञान दिवस के मौके पर विद्यालय के बच्चों द्वारा विज्ञान विषय के मॉडल प्रस्तुत किए गए। बच्चों ने मॉडल ऊर्जा, मृदा संरक्षण,रॉकेट लांच, मंगलयान, ज्वालामुखी पर आधारित समेत विज्ञान के विभिन्न प्रयोगों को प्रदर्शित करते हुए अपने मॉडल बनाये। मॉडल में प्रतिभाग करने वाले कक्षाओं में कक्षा तृतीय से अष्टम तक के सभी छात्र/छात्राओं ने विज्ञान विषय के प्रति अपनी रुचि को जागृत करने के लिए विभिन्न प्रकार के मॉडल बनाए और सभी ने बनाकर के राष्ट्रीय विज्ञान दिवस के उपलक्ष्य में विद्यालय में सभी आचार्य परिवार के सम्मुख प्रस्तुत किया। इस उपलक्ष्य में समस्त विद्यालय परिवार और विद्यालय के प्रधानाचार्य दीवान सिंह समेत विज्ञान आचार्या कविता ने अपने विचार प्रस्तुत किये। इस दौरान बच्चों को डॉक्टर सी. वी. रमन एवं उनका रमन प्रभाव के बारे में अवगत कराया।

## पड़ोसियों पर मारपीट व जमीन में कब्जा करने का आरोप

**नैनीताल ।** नगर के समीपवर्ती क्षेत्र बेलुवाखान में रहने वाली एक महिला ने उसके पड़ोसियों पर मारपीट उनकी जमीन में कब्जा करने का आरोप लगाया है। महिला ने डीएम को शिकायत कर मामले में कार्रवाई की मांग की है।

मल्ला बेलुवाखान निवासी राधा देवी ने डीएम को शिश्यती पत्र देते हुए कहा है कि वह मल्ला बेलुवाखान अपनी तीन बेटियों व दो विकलांग भतीजियों के साथ रहती हैं। दो सप्ताह पूर्व उसकी एक भतीजी का निधन हो गया था जिसके बाद से उसके पड़ोसी उनकी जमीन में कब्जा करने की कोशिश कर रहे हैं।

विरोध करने पर पड़ोसियों की ओर से उसके व उसकी बेटी के साथ मारपीट की। वहीं बीते मंगलवार को भी उसके जवांई के साथ भी मारपीट की है। एसे में उसके पूरे परिवार को जानमाल का खतरा बना हुआ है। महिला ने डीएम से गुहार लगाते हुए कार्रवाई की मांग की है।



## सात दिवसीय विशेष शिविर में आपदा प्रबंधन विषय पर चर्चा

**नैनीताल**

**हमारे संवाददाता**

राजकीय पालीटेक्निक के राष्ट्रीय सेवा योजना प्रकोष्ठ द्वारा बुधवार को सात दिवसीय विशेष शिविर कार्यक्रम के तृतीय दिवस को स्वयंसेवियों ने दिन की शुरुआत लक्ष्य गीत के साथ की।

कार्यक्रम में आपदा प्रबंधन विषय पर भी चर्चा की गई, जिसमें पर्वतीय क्षेत्रों को देखते हुए आपदाओं के बुरे परिणामों को कम करने पर चर्चा की गई तथा स्वयंसेवियों द्वारा जन समूह को नुक्कड नाटक के माध्यम से वन कटान से होने वाले दुष्प्रभावों के बारे मे जागरुक किया गया। बौद्धिक सत्र में भाषण तथा क्विज प्रतियोगिता का आयोजन करवाया गया जिसमें सभी स्वयंसेवी समूह ने पूर्ण उत्साह के साथ प्रतिभाग किया। बौद्धिक सत्र में विशेष अतिथि नीरज जोशी भारतीय रेड क्रॉस सोसाइटी नैनीताल ने आपदा से जुड़े विभिन्न पहलुओं पर प्रकाश डाला साथ ही सीपीआर से सम्बन्धित महत्वपूर्ण जानकारी दी। संस्था के सिविल विभागाध्यक्ष सुमित किमोठी ने आपदा प्रबंधन से जुडी जानकारी देते हुए स्वयंसेवियों को आपदा बचाव कार्यों के बारे में सुझाव दिए। कार्यक्रम का संचालन नीरज वर्मा व रंजना रावत व कविता नेगी द्वारा किया गया। इस दौरान स्वयंसेवियों के साथ बद्री,राधिका तथा दीपशंकर भी उपस्थित रहे।

## आनंदा एकेडमी में विज्ञान दिवस पर विधार्थियों ने बनाये मॉडल

**हल्द्वानी**

**हमारे संवाददाता**

डहरिया स्थित आनंदा एकेडमी में 28 फरवरी बुधवार को विज्ञान दिवस के मौके पर प्रदर्शनी लगाई गई। इस मौके पर छात्र-छात्राओं ने राष्ट्रीय विज्ञान दिवस 2024 की थीम विकसित भारत के लिए भारतीय स्वदेशी प्रौद्योगिकी के तहत शानदार व ज्ञानवर्धक माडल प्रस्तुत किए।

एकेडमी के प्रबंधक भूपेन्द्र सिंह बिष्ट ने प्रदर्शनी का शुभारंभ करते हुए विधार्थियों को विज्ञान दिवस का महत्व बताया। विज्ञान दिवस का मकसद विद्यार्थियों को विज्ञान के प्रति प्रेरित करना तथा जनसाधारण को विज्ञान एवं वैज्ञानिक उपलब्धियों के प्रति सजग बनाना है। विज्ञान दिवस का आयोजन 2 वर्गों में हुआ। कनिष्ठ वर्ग में हर्षिल भनवाल ने पहला, काजल एवं मानवी ने दूसरा तथा आयुषी व नंदिनी तीसरे स्थान पर रहे। वरिष्ठ वर्ग में प्रथम स्थान अरहान, द्वितीय स्थान पर हर्ष एवम् खुश जोशी तथा तृतीय स्थान पर वागीशा एवं अंकिता रहे। तमन्ना सनवाल को सांत्वना पुरस्कार दिया गया। निर्देशिका दीक्षा बिष्ट के निर्देशन में इस कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर प्रधानाचार्या माया बिष्ट, शिक्षक दीपक नाथ, दीपा पांडे, जयश्री नेगी, निशा मेहरा समेत शिक्षकगण, विद्यार्थी तथा अभिभावक मौजूद थे।



## NEWS / फटाफट

### लोकप्रिय गायक जुबिन ने नीब करौरी बाबा के दर्शन किए



**नैनीताल ।** युवा व संगीत प्रेमियों के दिलो पर राज करने वाले बॉलीवुड के लोकप्रिय गायक जुबिन नौटियाल ने सोमवार को नीब करौरी बाबा के दर्शन किए। सुबह एक घंटे तक मन्दिर में रहकर नीब करौरी बाबा से प्रार्थना कर हनुमान चालीसा का पाठ किया। वहीं बाबा की शिला के पास बैठकर ध्यान लगाया। उन्होंने मन्दिर समिति से कैंची धाम में दिनचर्या की जानकारी भी ली, और नीब करौरी बाबा के बारे में जाना। मंदिर के प्रदीप साह भ्ययु ने बताया कि गायक जुबिन नौटियाल ने पहली बार नीब करोरी बाबा के दर्शन किये। उन्होंने शान्त वातावरण की अनुभूति कर आनंद लिया। कहा कि गायिकी के साथ साथ वो एक अच्छे संगीतकार और गीत के लेखक भी है। जुबिन नौटियाल ने मंदिर समिति को बताया कि वह जल्द बाबा के एक बार फिर दर्शन के लिए आएंगे। कहा बाबा के दर पर आकर मन को शांति मिली है। जितना सुना था उससे कही अधिक सुदर जगह पर बाबा का स्थान है।

### बुजुर्ग महिला ने पूरी रात गुजारी बाहर, मकान मालिक को कड़ी फटकार लगाई

**नैनीताल ।** कुमाऊं आयुक्त दीपक रावत से दीपा भट्ट द्वारा शिकायत की गई कि वह बेंगलुरु में निवासरत अपनी बेटी से मिलने गयी थी, लेकिन जब वह बेंगलुरु से वापस आई तो उसने देखा कि मकान मालिक मोहम्मद आशिम सिद्दीकी द्वारा घर के दोनों दरवाजे बंद कर दिए गए हैं, जिसकी वजह से बुजुर्ग महिला को सारी रात बाहर गुजरानी पड़ी। दीपक रावत ने मकान मालिक की इस हरकत पर मकान मालिक को कड़ी फटकार लगाई। दीपक रावत ने उप निरीक्षक मल्लीताल दीपक बिष्ट को संबंधित के खिलाफ सुसंगत धाराओं में एफआईआर दर्ज कर आवश्यक कार्रवाई करने के निर्देश दिए। उन्होंने यह भी कहा कि यदि जनपद अंतर्गत इस प्रकार की घटनाएं होती हैं तो उनका प्राथमिकता से संज्ञान लिया जाए। और संबंधित के खिलाफ आवश्यक कार्यवाही अमल में लाई जाए।

इस अवसर पर उपज़िलाधिकारी नैनीताल प्रमोद कुमार, प्राधिकरण जेई हेम उपाध्याय, टीआई नगर पालिका परिषद, नैनीताल और पुलिस बल सहित राजस्व विभाग की टीम भी मौके पर मौजूद रही।

**नोट**

समाचार पत्र में छपे लेख, पत्र व अन्य कालमों में लेखकों के विचार होते हैं, उनसे संपादक का सहमत होना आवश्यक नहीं है।

**-संपादक**

**पूर्व प्रधान संपादक:**
**स्व. वेदप्रकाश गुप्ता**
स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक
**श्रीमती आदेश अग्रवाल** द्वारा
उत्तरांचल दीप प्रेस
चंद्रकाता हाउस, नैनीताल रोड
हल्द्वानी से मुद्रित एवं प्रकाशित
**संपादक- श्रीमती आदेश अग्रवाल**
**प्रबंध संपादक- साकेत अग्रवाल**
दूरभाष : 05946-224556
फैक्स:05946-283801
e-mail: Uttaranchaldeep@gmail.com
www.dainikuttaranchaldeep.com
**आरएनआई नं. UTTHIN/ 2009/ 32558**
समस्त विवाद हल्द्वानी न्यायालय के अधीन होंगे।
संस्थापक: स्व. मुन्ना बाबू राजपूत

## सीबीएसई के तत्वावधान में दो दिवसीय कैपेसिटी बिल्डिंग अथवा क्षमता संवर्धन कार्यशाला शुरु

**नैनीताल**

**हमारे संवाददाता**



शिक्षा नगरी नैनीताल शहर का प्रतिष्ठित विद्यालय बिड़ला विद्या मंदिर में बुधवार से सीबीएसई के तत्वावधान में दो दिवसीय कैपेसिटी बिल्डिंग अथवा क्षमता संवर्धन कार्यशाला शुरु हो गयी है। बता दें कार्यशाला का विषय इंक्लूसिव एजुकेशन अथवा समावेशी शिक्षा है। इसका उद्देश्य विभिन्न विद्यालयों से कार्यशाला में प्रतिभाग करने हुए शिक्षकों की क्षमता का विकास करना है जिससे कि वह अपने- अपने विद्यालयों में अध्ययनरत विशेष आवश्यकताओं वाले छात्रों को शिक्षण और शिक्षणेत्तर कार्यकलापों मेंअन्य सामान्य छात्रों के साथ ही भाग लेने के लिए प्रेरित करने और उसके लिए उन्हें मानसिक तौर पर तैयार करने पर सफल हो सकें। कार्यशाला में विभिन्न रोचक और शिक्षाप्रद गतिविधियों के माध्यम से उपस्थित प्रतिभागियों को सफलतापूर्वक इस बात के लिए तैयार किया गया कि वह अपने विशेष आवश्यकताओं वाले छात्रों के हित के लिए कक्षाओं में उचित वातावरण विकसित कर सकें जिससे कि कक्षा में समावेशी शिक्षा प्रदान की जा सके।

कार्यशाला में नैनीताल और समीपवर्ती स्थानों के कई विद्यालयों के करीब 50 शिक्षक प्रतिभाग कर रहे हैं। कार्यशाला में प्रतिभागियों को देहरादून से आई हुई शिक्षाविद गीता शुक्ला तथा गुरु नानक पब्लिक स्कूल रामनगर के प्रधानाचार्य हिमांशु जोशी प्रशिक्षण दिया। कार्यशाला में बिड़ला विद्या मंदिर के प्रधानाचार्य अनिल कुमार शर्मा पूरे समय उपस्थित रहे। कार्यशाला में धीरज भट्ट तकनीकी सहयोग प्रदान किया और इसका संचालन दीपक पांडे ने किया।

## शांतिपूर्ण व नकलविहीन परीक्षा कराने के निर्देश दिए

**हल्द्वानी**

**हमारे संवाददाता**



कुमाऊं मंडल के अपर निदेशक (माध्यमिक शिक्षा) लीलाधर व्यास ने बुधवार को कई इंटर कॉलेजों के आकस्मिक निरीक्षण कर बोर्ड परीक्षाओं का जायजा लिया,इस दौरान उन्होंने प्रधानाचार्यों को शांतिपूर्ण व नकलविहीन परीक्षा कराने के दिशा निर्देश दिए।

व्यास ने राजकीय कन्या इंटर कालेज भवाली, गोबिंद बल्लभ पन्त इन्टर कालेज भवाली तथा राजकीय इण्टर कालेज पदमपुरी में बोर्ड परीक्षाओं का निरीक्षण किया गया । उन्होंने बताया कि इन विद्यालयों में परीक्षाएं शांति पूर्वक चल रही थी। निरीक्षण में जगमोहन रौतेला, मनोज कांडपाल, आनंद सिंह बिष्ट भी शामिल थे । बता दें कि बुधवार को हाईस्कूल हिन्दी व इंटर में हिन्दुस्तानी संगीत विषय की परीक्षा थी । काबिलेगौर है कि विगत दिवस भी व्यास ने नैनीताल के मोहन लाल साह विद्या मंदिर व अन्य विद्यालयों का निरीक्षण किया था। उन्होंने बताया कि निष्पक्ष व शांतिपूर्ण परीक्षाओं के संचालन के लिये अपर निदेशक कार्यालय में मण्डलीय कंट्रोल रूम बनाया गया है साथ ही नकल रोकने के लिये सचल दल बनाये गए हैं।

# अभिमत



## लापरवाही का कीर्तिमान

*कुमाऊं विश्वविद्यालय से अलग होकर बने अल्मोड़ा के एसएसजे विश्वविद्यालय से जारी एक छात्रा की अंकतालिका में एक विषय में सौ में से 101 नंबर देकर लापरवाही का कीर्तिमान स्थापित कर दिया। यह एक मामला नहीं है। साढ़े तीन हजार अंकतालिकाओं में त्रुटि पाये जाने पर सुधार किया जा चुका है। परीक्षा नियंत्रक ने भी गड़बड़ी स्वीकार की है। विश्वविद्यालय ने अंकतालिका बनाने का कार्य एक कंपनी को सौंपने की बात कहकर अपनी जिम्मेदारी से पल्ला झाड़ लिया है, जबकि छात्र गड़बड़ी ठीक कराने के लिए विश्वविद्यालय के चक्कर लगा रहे हैं।*

उत्तराखंड में सरकारी स्कूलों की शिक्षा व्यवस्था पर अक्सर सवाल उठते रहते हैं। राज्य सरकार ने सुधार के प्रयास किये हैं, लेकिन अपेक्षित सुधार नहीं हो सका। उच्च शिक्षा व्यवस्था चरमरा गई है। राज्य में प्रतिभाओं की कमी नहीं है। मेधावी बच्चे स्कूल स्तर पर निजी विद्यालयों में पढ़कर उच्च शिक्षा के लिए अन्य राज्यों के संस्थानों में जाते हैं। भारतीय प्रशासनिक सेवा और अन्य उच्च स्तरीय प्रतियोगी परीक्षाओं में उत्तराखंड के युवा सफल होते रहे हैं, परन्तु उन्होंने उच्च शिक्षा दिल्ली तथा अन्य महानगरों के संस्थानों में ग्रहण की है। कुमाऊं विश्वविद्यालय से अलग होकर बने अल्मोड़ा के एसएसजे विश्वविद्यालय से जारी एक छात्रा की अंकतालिका में एक विषय में सौ में से 101 नंबर देकर लापरवाही का कीर्तिमान स्थापित कर दिया। यह एक मामला नहीं है। साढ़े तीन हजार अंकतालिकाओं में त्रुटि पाये जाने पर सुधार किया जा चुका है। परीक्षा नियंत्रक ने भी गड़बड़ी स्वीकार की है। विश्वविद्यालय ने अंकतालिका बनाने का कार्य एक कंपनी को सौंपने की बात कहकर अपनी जिम्मेदारी से पल्ला झाड़ लिया है, जबकि छात्र गड़बड़ी ठीक कराने के लिए विश्वविद्यालय के चक्कर लगा रहे हैं। विद्यालय से लेकर सरकारी विभागों और अन्य संस्थानों में मानवीय त्रुटि होना स्वाभाविक है। हजारों की संख्या में अंकतालिकाओं में गड़बड़ी से युवाओं का भविष्य अंधकारमय हो सकता है। उत्तर प्रदेश से अलग राज्य उत्तराखंड का गठन होने से पहले पर्वतीय क्षेत्र में शिक्षित आबादी मैदानी क्षेत्र की तुलना में अधिक थी। पंडित गोविन्द बल्लभ पंत कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय पंतनगर के वैज्ञानिकों ने शोध करके विश्वविद्यालय को हरित क्रांति की जन्मस्थली का सम्मान दिलाया। पर्वतीय क्षेत्र ने ब्रिटिश शासनकाल के दौरान ही अंग्रेजों ने देहरादून, नैनीताल, मसूरी, रानीखेत, अल्मोड़ा में बोर्डिंग स्कूल स्थापित किये। इन स्कूलों में पढ़े बच्चे विदेश में भी उच्च पदों तक पहुंचे हैं। वर्तमान में भी देश के बड़े उद्योग समूह के उद्यमियों के बच्चे उत्तराखंड के स्कूलों में अध्ययनरत हैं। राज्य के सरकारी स्कूलों की व्यवस्था में सुधार के लिए शिक्षकों को जिम्मेदार ठहराया जाता है। सरकारी स्कूलों के शिक्षक अपनी संतान को प्राइवेट स्कूलों में महंगे खर्च पर प्रवेश दिलाते हैं और सरकारी स्कूल में नहीं भेजते हैं, क्योंकि उन्हें पता है कि सरकारी स्कूल में जिस तरह वह सिर्फ वेतनभोगी की तरह काम करते हैं, उसी तरह अन्य शिक्षक भी उनकी संतान को नहीं पढ़ायेंगे। उत्तराखंड के विश्वविद्यालयों में योग्य प्रवक्ता और अन्य सुविधाएं पर्याप्त हैं। विश्वविद्यालय में दुर्गम से सुगम में स्थानांतरण का भी मामला नहीं है। विश्वविद्यालयों में शिक्षा का स्तर नहीं सुधरा तो पर्वतीय राज्य हर क्षेत्र में और पिछड़ जायेगा।

# एसएसपी ने मासिक अपराध गोष्ठी में अधीनस्थों को दिए निर्देश

**रुद्रपुर**

**हमारे संवाददाता**

यहां पुलिस लाइन में मासिक अपराध समीक्षा बैठक आयोजित हुई। बैठक में एसएसपी डॉ मंजूनाथ टीसी ने सभी थानाध्यक्षों को अपने- अपने क्षेत्र में प्रभावी रूप से गश्त बढ़ाए जाने हेतु निर्देशित किया गया ।

इसके साथ ही एसएसपी ने कहा कि नशा तस्करों, अवैध हथियारों की तस्करी करने वालों पर कार्रवाई की जाए। उन्होंने आगामी लोकसभा चुनाव को देखते हुए आवश्यक दिशा-निर्देश भी दिए। इसके अलावा संवेदनशील स्थानों की लगातार चैकिंग करने को निर्देशित किया गया। क्षेत्र में अपराधिक तत्वों पर भी कड़ी नजर रखी जाए।

रात्रि गश्त में किसी प्रकार की कोताही न हो। इससे पहले एसएसपी ने कर्मियों की समस्याओं को सुना और निस्तारण किया। इस दौरान एसएसपी ने अच्छा कार्य करने वाले 22 पुलिस कर्मियों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। इस मौके पर एसपी सिटी मनोज कुमार कत्याल, एसपी काशीपुर अभय सिंह,सीओ किच्छा ओपी शर्मा, सीओ संचार आरडी मठपाल, सीओ काशीपुर अनुषा बडोला, सीएफओ ईशान कटारिया, सीओ तपेश कुमार चंद्र, इंस्पेक्टर रुद्रपुर धीरेन्द्र कुमार, किच्छा कोतवाल सुंदरम शर्मा, इंस्पेक्टर जसपुर एके सिंह, इंस्पेक्टर सितारगंज बीएस बृजवाल आदि पुलिस के अधिकारी कर्मचारी मौजूद थे।



**बैठक**

- आगामी लोकसभा चुनाव के मद्देनजर अवैध शराब
- अवैध हथियारों, नशा तस्करों पर कार्रवाई

## लुकास टीवीएस मजदूर संघ का अनिश्चितकालीन धरना गांधी पार्क में जारी

**रुद्रपुर।** लुकास टीवीएस मजदूर संघ का अनिश्चितकालीन धरना गांधी पार्क में जारी है। इस दौरान श्रमिकों ने कंपनी प्रबंधन पर हठधर्मिता का आरोप लगाते हुए नारेबाजी की। श्रमिकों का कहना था कि उपश्रमायुक्त के समक्ष हुई त्रिपक्षीय वार्ता में उपश्रमायुक्त ने कंपनी प्रबन्धन को 3 दिन में श्रमिक समस्यों का निस्तारण करने के लिए कहा था,लेकिन कंपनी प्रबंधन उपश्रमायुक्त के निर्देशों की अवहेलना की।

आरोप है कि कंपनी प्रबंधन द्वारा श्रम कानूनों खुला उलंघन किया जा रहा है। प्रबन्धन न श्रम कानूनों का पालन कर रहा है और न ही प्रशासन के निर्देशों का है। श्रमिकों का कहना था कि शासन प्रशासन द्वारा शीघ्र ही कंपनी प्रबंधन की तानाशाही पर अंकुश नहीं लगाया तो स्थित खराब होने की सम्पूर्ण जिम्मेदारी प्रबन्धन की होगी। धरना प्रदर्शन को दीपेन्द्र भट्ट जिला मंत्री भारतीय मजदूर संघ, सतेन्द्र सिंह, रमेश गिरी गोस्वामी, बृजेश असगोला आदि श्रमिक संघ ने दिया।

## शिविर में दिव्यांग बच्चों को उपकरण बांटे

**नैनीताल ।** जिला परियोजना समन्वयक मदन मोहन जोशी की अध्यक्षता एवं ब्लॉक समन्वयक मनोज तिवारी के संचालन में आयोजित शिविर में पूर्व में चिन्हांकित दिव्यांग बच्चों को ट्राई साइकिल व्हीलचेयर कैलीपर्स हियरिंग एड आदि सहायता उपकरणों का वितरण किया गया।

शिविर में दिव्यांग बच्चों के उपकरण बनाने वाली संस्था एलीमको कानपुर के विशेषज्ञों की देखरेख में 12 बच्चों को सहायता उपकरण वितरित किए गए तथा अन्य बच्चों हेतु उनकी दिव्यांगता के अनुसार उपकरणों की मांग की गई।

शिविर में जिला परियोजना समन्वयक समग्र शिक्षा नैनीताल एम. एम.जोशी समेत कमलकांत पांडे, रश्मि जोशी, दिनेश मनराल, शिव ओम अग्रवाल, कानपुर एलीमको के विषय विशेषज्ञ नीलय सिंह, अमित कुमार अब्दुल कलाम, ललिता देवी, हेमंत सत्यवाली, जगदंबा सती व धर्म सिंह आदि उपस्थित रहे।


# सेंट जोसेफ कॉलेज के चेतन ने आईएससी बोर्ड परीक्षा में नैनीताल में दूसरा स्थान प्राप्त किया

**नैनीताल**

**हमारे संवाददाता**

यूं ही नहीं होती हाथ की लकीरों के आगे अंगुलियां, रब ने भी किस्मत से पहले मेहनत लिखी हैं। उक्त पंक्तियां नैनीताल जिले के भीमताल ब्लाक के बजूँन गांव निवासी चेतन पांडेय पर सटीक बैठती हैं। चेतन ने अपनी मेहनत, मेधा तथा दृढ़ निश्चय व आत्मविश्वास से नैनीताल के छोटे शहर से विश्व प्रशिद्ध इंग्लैंड के नामी संस्थान कैम्ब्रिज विश्वविद्यालय तक का सफर तय किया है। अकेले कैम्ब्रिज विश्वविद्यालय के नाम 121 नोबेल पुरस्कार हैं। चेतन विश्वविद्यालय के कठिन मानको की बाधा पार कर प्लांट बायोटेक्नोलॉजिस्ट माइक्रोबायलॉजिस्ट के रूप में शोध कार्य कर रहे हैं। चेतन ने रिसर्चर के रूप में प्रशिद्ध पादप विज्ञानी डॉ सेबेस्टियन शोनार्क के निर्देशन में शोध कार्य प्रारंभ कर दिया हैं। बता दें कि चेतन ने इंटर तक की शिक्षा सेंट जोसेफ कॉलेज नैनीताल से प्राप्त की व आईएससी बोर्ड परीक्षा में 96. 5 प्रतिशत अंक प्राप्त कर नैनीताल शहर में दूसरा स्थान प्राप्त किया। बीएससी व एमएससी ऑनर्स की परीक्षा दिल्ली विश्वविद्यालय के हिंदू कॉलेज से उत्तीर्ण की।बीएससी ऑनर्स परीक्षा में चेतन ने 9.757 सीजीपीए अंक प्राप्त कर हिंदू कॉलेज में प्रथम स्थान व संपूर्ण दिल्ली विश्वविद्यालय में तिशरा स्थान प्राप्त किया एमएससी प्रवेश परीक्षा में प्रथम पाँच स्थान में रहकर दिल्ली विश्वविद्यालय से छात्रवृत्ति प्राप्त की। चेतन के तीन रिसर्च पेपर विभिन्न जर्नल में प्रकाशित हो चुके हैं। चेतन द्वारा अपने शोध पत्र अंतराष्ट्रीय सेमिनार में प्रस्तुत किये है जिनमें अक्टूबर 2023 में नाइपर द्वारा आयोजित सेमिनार व राजीव गांधी सेंटर फॉर बायोकेमिस्ट्री द्वारा आयोजित सेमिनार शामिल है। चेतन द्वारा सामाजिक जिम्मदारियों का निर्वहन करते हुए दिल्ली विश्वविद्यालय की फाइन आर्ट सोसाइटी एनार्थ ईस्ट सोसाइटी व पर्यावरण सोसाइटी में पदेन सक्रिय रूप से कार्य किया। बता दें कि चेतन के पिता कमलेश पांडे सेवानिवृत शिक्षक हैं व माता जूनियर हाई स्कूल थापला में प्रधानाध्यापिका हैं चेतन अपनी सफलता का श्रेय पारिवारिक जनों तथा बुआ निर्मला पांडे और प्रिय मित्र अभिषेक यादव को देते हैं।





# फिल्मी दुनिया

## करण राव की लापता लेडीज की करण जौहर ने की समीक्षा






*मुंबई में फिल्म की स्पेशल स्क्रीनिंग रखी गई, जहां इंडस्ट्री के कई सितारों ने शिरकत की। वहीं, अब हाल ही में, करण जौहर ने अपने सोशल मीडिया हैंडल पर फिल्म की जमकर तारीफ की। किरण राव इन दिनों अपनी आगामी फिल्म लापता लेडीज के लिए तैयार हैं। इस फिल्म के पोस्टर और ट्रेलर रिलीज हो गए हैं, जिन्हें दर्शकों से अच्छी प्रतिक्रिया मिल रही है। किरण राव ग्यारह वर्ष बाद फिल्म लापता लेडीज के साथ दर्शकों का मनोरंजन करने के लिए तैयार हैं। बीते मंगलवार को मुंबई में फिल्म की स्पेशल स्क्रीनिंग रखी गई, जहां इंडस्ट्री के कई सितारों ने शिरकत की। वहीं, अब हाल ही में, करण जौहर ने अपने सोशल मीडिया हैंडल पर फिल्म की जमकर तारीफ की। साथ ही, उन्होंने लापता लेडीज की टीम को शुभकामनाएं दीं। करण जौहर ने आधिकारिक इंस्टाग्राम हैंडल पर लापता लेडीज का पोस्टर साझा किया। पोस्टर के साथ निर्माता ने कैप्शन में अपना रिव्यू देते हुए कहा, किरण राव और आमिर खान की यह फिल्म बहुत शानदार है। यह इस साल की सर्वश्रेष्ठ फिल्म है। मैं दावा करता हूं कि जब वर्ष 2024 के अंत में जाकर देखेंगे, तो लापता लेडीज सर्वश्रेष्ठ फिल्मों में शामिल रहेगी।*

### टीम को दीं शुभकामनाएं

*उन्होंने आगे कहा, किरण राव ने इस फिल्म को सहजता से निर्देशित किया है। लापता लेडीज कॉमेडी, इमोशनल और संस्पेंस से भरपूर है। निर्माता, लेखक और फिल्म की पूरी टीम ने सराहना करने के लिए मजबूर कर दिया है। निर्माता ने दर्शकों से फिल्म देखने का आग्रह करते हुए कहा, इस सप्ताहांत आप जो कुछ भी कर रहे हैं, उसे छोड़ें और इस फिल्म को देखें। लापता लेडीज की पूरी टीम को बधाई। किरण राव और आमिर खान को शुभकामनाएं।*

# स्वर्गीय वेद प्रकाश गुप्ता की 80 वीं जयंती पर उनको श्रद्धांजलि अर्पित की

**हल्द्वानी**

**हमारे संवाददाता**

बीएलएम एकेडमी पदमपुर देवलिया द्वारा अपने संस्थापक अध्यक्ष स्वर्गीय वेद प्रकाश गुप्ता की 80 वीं जयंती पर उनको श्रद्धांजलि अर्पित की।

इस मौके पर वक्ताओं ने कहा कि बीएलएम परिवार स्वर्गीय वेद प्रकाश गुप्ता द्वारा स्थापित की गई इस अमूल्य विरासत को संरक्षित करने के लिए समर्पित है मूल्य आधारित शिक्षा के क्षेत्र में नए मानकों को आगे बढ़ाने के हमारे संस्थाक के दृष्टिकोण को पूरे दिल से कायम रखता हैं। यह प्रतिबद्धता स्पष्ट हैं क्योंकि हम विचारो के आदान प्रदान के माध्यम से तालमेल को बढ़ावा देते हुए एक स्थिर मूल्य प्रणाली के साथ आधुनिक परिपेक्ष को सहजता से जोड़ते हैं इस मौके पर विद्यालय परिवार द्वारा भजन व प्रसाद वितरण किया गया। कार्यक्रम में प्रधानाचार्य गायत्री कवर,मुख्य प्रशासनिक अधिकारी अमर सिंह कंवर व विद्यालय परिवार के सभी सदस्य मौजूद रहे।



## News कॉर्नर

### दिव्यांग मतदाताओं को मतदाता जागरूकता का संदेश दिया



**हल्द्वानी।** दिव्यांग मंद बुद्धि कल्याण समिति हल्द्वानी के द्वारा आयोजित कार्यक्रम में दिव्यांग मतदाताओं के साथ उनके अभिभावक व दिव्यांग मतदाताओं को स्वीप नैनीताल एवं समाज कल्याण विभाग के द्वारा मतदाता जागरूकता संदेश, शपथ के माध्यम से जागरूक किया गया तथा उनके वोटर आईडी कार्ड बनाने की जानकारी प्रदान की गई। स्वीप नैनीताल की जिला कोर कमेटी के सदस्य ललित मोहन पांडे एवं गौरीशंकर काण्डपाल के द्वारा वोटर आईडी कार्ड बनाने तथा मताधिकार का प्रयोग करने की जानकारी दी गई।

### हवा में गोली दाग तेंदुए को आबादी से भगाएगा वन विभाग

**अल्मोड़ा।** बिनसर अभयारण्य से लगे भैंसियाछाना विकासखंड के गांवों वन विभाग हवा में गोली दागकर तेंदुए की धमक रोकेगा। अभयारण्य से लगे गांवों में लगातार सामने आ रही तेंदुए की सक्रियता के बाद वन विभाग ने यह निर्णय लिया है। बिनसर अभयारण्य से लगे बबूरिया नायल, कटधारा, गौनाप, कटोचिया, कलोन, पल्यूं आदि गांवों में लंबे समय से तेंदुए की सक्रियता बनी हुई है। एक पखवाड़े के भीतर तेंदुआ इन क्षेत्रों में लगभग 24 से अधिक मवेशियों को मार चुका है। प्रधान महेश बोरा ने बताया कि खेतों में गई महिलाओं को आए दिन तेंदुआ नजर आ रहा है।

# एमएससी द्वितीय सेमेस्टर की कक्षा में विद्यार्थियों की शत प्रतिशत उपस्थिति

**नैनीताल**

हमारे संवाददाता



कुमाऊं विश्वविद्यालय के डीएसबी परिसर में बुधवार को सम सेमेस्टर की पढ़ाई का पहला दिन व पहले ही दिन अन्य दिनों की अपेक्षा काफी ठंडा दिन फिर भी परिसर के एमएससी द्वितीय सेमेस्टर की कक्षा में विद्यार्थियों की शत प्रतिशत उपस्थिति। इस सबके पीछे की वजह थी उनके विवि के कर्मठ व निष्ठावान कुलपति प्रो0 दीवान सिंह रावत के व्याख्यान की। कुलपति प्रो.रावत ने यौगिक विज्ञान में अपने अनुभवों से विद्यार्थियों को परिचित कराया। विद्यार्थियों की शत प्रतिशत उपस्थिति और उनकी उत्सुकता बताती है कि छात्र कुलपति प्रो0 रावत द्वारा ली गई पूर्ववर्ती कक्षा से कितने प्रेरित हैं। विद्यार्थियों की उत्साहित भागीदारी यह भी संकेत कर रही थी कि वे कुलपति प्रो0 रावत के व्याख्यानों को गंभीरता से ले रहे हैं। छात्रों को पता है कि कुलपति प्रो0 रावत इस सेमेस्टर में उन्हें ऑर्गेनिक स्पेक्ट्रोस्कोपी पढ़ाएंगे। समय पर कुलपति प्रो0 रावत एमएससी द्वितीय सेमेस्टर की क्लास में प्रवेश करते हैं और सर्वप्रथम ऑर्गेनिक स्पेक्ट्रोस्कोपी के सिलेबस पर चर्चा करते हैं। इसके साथ ही कुलपति प्रो0 रावत द्वारा इन्फ्रारेड स्पेक्ट्रोस्कोपी, न्यूक्लियर मैग्नेटिक रिसोनेंस, ट्रोस्कोपी, मास स्पेक्ट्रोस्कोपी और रमन स्पेक्ट्रोस्कोपी पर रोचक चर्चा करते हुए विद्यार्थियों को अध्ययन के प्रत्येक पहलू को समझने के लिए प्रोत्साहित किया गया। अपने व्याख्यान में कुलपति प्रो0 रावत ने बताया कि विज्ञान एक बौद्धिक और व्यावहारिक गतिविधि है जिसके अंतर्गत हम अवलोकन और प्रयोग के माध्यम से अपने चारों ओर के भौतिक और प्राकृतिक दुनिया की संरचना और कार्यप्रणाली का अध्ययन करते हैं और ऑर्गेनिक स्पेक्ट्रोस्कोपी विज्ञान का एक महत्वपूर्ण क्षेत्र है जो जैविक या ऑर्गेनिक यौगिकों के संरचना और प्रकृति की अध्ययन करता है। यह तकनीक यौगिक संरचनाओं के आणविक स्तर पर उनकी संरचना को पहचानने, विश्लेषण करने और अध्ययन करने के लिए प्रयुक्त होती है। कुलपति प्रो0 रावत ने प्रथम दिन संरचना निर्धारण के महत्व और दवा की खोज में भूमिका तथा 1950 से पहले जब स्पेक्ट्रोस्कोपी उपलब्ध नहीं थी तब रसायनज्ञों का जीवन और यौगिक संरचनाओं के अध्ययन करने में होने वाली कठिनाइयां जैसे कई रोचक तथ्यों पर प्रकाश डाला।

आठ वैज्ञानिकों के बारे में भी बताया जिनको एनएमआर स्पेक्ट्रोस्कोपी पर नोबेल पुरस्कार मिला। इसके अलावा प्रो0 रावत ने उस रसायनज्ञ के बारे में भी बताया जिन्हें शोध पत्र के खारिज होने के बाद नोबेल पुरस्कार मिला था।

# वार्ड 25 की आनंद विहार की महिलाओं का निगम में प्रदर्शन

**रुद्रपुर**

हमारे संवाददाता

वार्ड 25 की आनंद विहार की महिलाओं ने सडक और पानी की निकासी के लिए नाली निर्माण की मांग को लेकर नगर निगम में प्रदर्शन किया। इस दौरान महिलाओं ने मांगे पूरे न होने पर आंदोलन की चेतावनी दी।

नगर निगम के वार्ड 25 की आन्नद विहार की दर्जनों महिलाएं नगर निगम परिसर पहुंची और उन्होंने प्रदर्शन किया । इस दौरान महिलाओं का कहना था कि कालोनी में 150 परिवार निवास करते है, लेकिन कालोनी में नालियों और सडकों का निर्माण न होने से बुरा हाल।

नाली न होने से गंदा पानी उनकी घर के आगे एकत्र हो रहा। जिससे संक्रमण बीमारी फैलने का खतरा भी बना हुआ है। महिलाओं का कहना था



कि क्षेत्र के जनप्रतिनिध भी कालोनी की ध्यान नहीं दे रहे हैं। महिलाओं ने नगर आयुक्त की अनुपस्थिति में मांगों का ज्ञापन निगम कार्यलय में सौपा। इस दौरान गीता नेगी, चित्रा देवी, जगदेवी, प्रेमा देवी, हेमा भट्ट, साविता देवी, रचना राठौर, भावना जोशी, प्रियंका वर्मा, रीता पाडेय, नीतू देवी, रेखा सुयाल, ममता देवी, रीना चौहान, सीमा, कुसुम, सुखविन्द्र कौर,ववली राठौर आदि महिलाए मौजूद थी।

# वादन पखवाड़ा विशेष दक्षता को लेकर कार्यशाला का आयोजन

**नैनीताल**

हमारे संवाददाता

राजकीय इंटर कॉलेज भूमियाधार के प्रभारी प्रधानाचार्य त्रिभुवन अग्रगामी ने अग्रगामी चित्रकला, पेंटिंग, लेखन कला एवं वाद्य यंत्र वादन पखवाड़ा विशेष दक्षता कार्यशाला के बैनर तले बुधवार से एक विशेष कार्यशाला का आयोजन अनवरत किया।

बता दें कि कार्यशाला में विद्यालय के अन्य शिक्षकों व कर्मचारियों ने अग्रगामी को बहुत सहयोग प्रदान किया। बता दें कि अग्रगामी छात्रों के व्यक्तित्व विकास के लिए जहां विद्यालय बर्ष भर प्रयास करते हैं लेकिन पर्याप्त समय नहीं मिल पाता है। इस समय जीरो महीना चलता है । 1 अप्रैल से नए सत्र की शुरुआत होती है लेकिन विद्यालय में व्यक्तित्व विकास के लिए तत्काल छात्रों को हुनर को तलाशने का प्रयास प्रतिवर्ष किया है छात्रों के उत्तरोत्तर प्रतिभा को निखरने के लिए यह सुनहरा अवसर सभी विद्यालयों को मिला है जहां भी बोर्ड का सेंटर नहीं है। अग्रगामी के मुताबिक विद्यालय भी उनमें से एक है इसलिए हमने एक विशेष कार्य योजना बनाई है जिसका क्रियान्वयन बुधवार से शुरू हो चुका है। कहा कि शीघ्र स्कूल में आकर कार्यशाला में उपस्थित होकर अवसर का लाभ उठाएं। जहां गृह परीक्षाओं से थक व ऊब करके सभी छात्र घर पर आराम कर रहे हैं वहीं विद्यार्थी अपने व्यक्तित्व विकास के लिए स्कूल में एक कदम बढ़ाए और हम आपको गारंटी देते हैं कि कार्यशाला का अवश्य ही बहुत लाभ होगा और एक रोचक माहौल देकर आपके व्यक्तित्व का विकास अवश्य करेंगे। सहयोग देने वाले अध्यापकों में प्रकाश चंद्र आर्य प्रवक्ता गणित, जीव विज्ञान प्रवक्ता हरीश कुमार पंचवाल समेत हेमचंद जोशी प्रवक्ता अंग्रेजी, सुरेश उप्रेती, दीप्ति जोशी,दान सिंह बिष्ट ,प्रयाग दत सोराडी व पूरन चंद्र, जितेंद्र पाठक व हरीश बोरा आदि शामिल हैं।

# जनसंवाद दिवस में ग्रामीणों की समस्याओं का निस्तारण के निर्देश दिए



**नैनीताल**

हमारे संवाददाता

जिले के भीमताल ब्लाक के सभागार में बुधवार को जनसंवाद दिवस में आए ग्रामीणों की समस्याओं को ब्लॉक प्रमुख डॉ. हरीश सिंह बिष्ट ने सुना मौके पर ही विभागों के अधिकारियों से प्राथमिकता से निस्तारण के निर्देश दिए।

इस दौरान ग्रामीणों की पानी तथा राशन कार्ड की समस्याओं का मौके पर ही निस्तारण किया गया। इस दौरान पशु पालन के छेत्र में ग्रामीणों को आत्मनिर्भर बनाने के लिए गाय पालन, बकरी पालन कर आजिविका बढाने के लिए प्राथमिकता के आधार पर पात्र लाभार्थियों को ब्लॉक प्रमुख डा.बिष्ट ने चेक वितरित किए ताकि ग्रामीण अपनी आजिविका बढ़ा सके। प्रमुख ने कहा गौवंशों की समस्या से भी निजात मिलेगी साथ ही महिलाएं और पशुपालक दुग्ध उत्पादन कर आत्मनिर्भर बनेंगे। ग्रामीणों को पशुपालन पर फोकस करने की आवश्यकता है और उसके लिए मदद दी जा रही है।

कहा कि अब ग्रामीण केवल खेती से आय नहीं बढाएंगें इसके लिए पशुपालन भी करना होगा। कहा कि दूध व घी बेचकर साथ ही आजकल गोबर और गोमूत्र की भी बिक्री हो रही है। प्रमुख डा.बिष्ट ने कहा किसानों और पशुपालकों की आय बढ़ाना मेरी पहली प्राथमिकता है। इस मौके पर जनप्रतिनिधि, फरियादी व अधिकारी व कर्मी मौजूद रहे।

## सूचना

सूचित किया जाता है कि मैंने अपना मूल पॉवर ऑफ़ अटॉर्नी विलेख दस्तावेज़ खो दिया है, जिसका विवरण इस प्रकार है- बही नंबर 4, जिल्द नंबर 42, पेज 107 से 114, S.NO. 02 में अनिल कुमार सिंह की पत्नी श्रीमती पूनम सिंह द्वारा अनिल कुमार सिंह पुत्र श्री रन सिंह के पक्ष में दिनांक-26/02/2024 रजिस्ट्रार कार्यालय हल्द्वानी, नैनीताल.निष्पादित किया गया।- **संस्थापक एडवोकेट राजीव सक्सेना 9837426760 को सूचित कर सकते हैं।**

# महेश पांडे की किताब जीवन के अनुभव का विमोचन

**हल्द्वानी**

हमारे संवाददाता

क्षेत्रीय भविष्य निधि आयुक्त पद से सेवानिवृत्त महेश चंद्र पांडे ने जीवन के अनुभव किताब लिखी है। इस किताब में जीवन के उन तमाम पहलुओं को रेखांकित किया गया है जो हमें किसी न किसी रूप में प्रभावित करती हैं या हमसे जुड़ी हुई हैं।

रामचरित मानस की चौपाइयों के भाव को सरल शब्दों में बताया गया है। पुस्तक में संतों और विद्वानों के भाषण के सार को बेहद आकर्षक ढंग से संग्रहित किया गया है। लेखक ने गुरु, माता-पिता, परिवार, भगवान,



सत्संग, मृत्यु जीवन, भोग-त्याग, रिश्ते-नाते, प्रेम, नारी, संगीत आदि की महत्ता को रेखांकित किया है। लेखक ने अपनी बात को उदाहरण और कहानी के जरिये बताने की कोशिश की है। इसका विमोचन लेखक महेश चंद्र पांडे ने अपने बेटे चंद्रेश और बहू चेतना के वैवाहिक समारोह के दौरान किया। कार्यक्रम में शांति देवी, सहायक कमांडेंट (सेवानिवृत्त) सीआरपीएफ उमेश पांडे, कमल पपनै, तुलसी पांडे, हिमांशु जोशी, प्रणय जोशी, दीपक, हिमांशु आदि मौजूद थे।

# 9 मार्च को राष्ट्रीय लोक अदालत का विशेष बैठक आयोजन

**नैनीताल**

हमारे संवाददाता

जिला न्यायाधीश सुबीर कुमार की अध्यक्षता में, 9 मार्च को होने वाली राष्ट्रीय लोक अदालत के लिए एक विशेष बैठक का आयोजन किया।

उत्तराखंड राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण प्राप्त दिशा निर्देशानुसार 9 मार्च को आयोजित होने वाली राष्ट्रीय लोक अदालत के सफल सम्पादन के लिए जिला न्यायाधीश अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सुबीर कुमार द्वारा बुधवार को जिला मुख्यालय स्थित, दीवानी न्यायालय परिसर में,समस्त आदरणीय न्यायाधीशगण, बार संघ पदाधिकारी एवम विद्वान अधिवक्तागण ,विभिन्न बीमा कंपनी के प्रतिनिधि ,बैंक के अधिकारीगण के



साथ विशेष बैठक की गई। समस्त स्टेकहोल्डर्स से अब तक लोक अदालत में निस्तारण के लिए नियत किए गए मामलो की संख्या ,ऐसे मामले जिनमे शमन की संभावना है चिन्हित किया जाना, वाद कारियो को लोक अदालत के संबंध में अधिक से अधिक जागरूक किए जाने आदि बिंदुओं पर चर्चा की गई।

उन्होंने कहा कि शामनीय प्रकृति के अपराधिक मामले ,मोटर एक्सीडेंट मामले,ट्रैफिक चालान,बैंक लोन रिकवरी के मामले,सिविल वाद ,चैक बाउंस के मामले एवम विभिन्न प्रकार के अन्य शमनीय मामले लोक अदालत में निस्तारित होने से न्यायालयों में लंबित मामलों की पेंडेंसी,एवम अपील स्तर पर नवीन दायरे को भी काफी सीमा तक कम किया जा सकता है । अत: सभी से ,बढ़ चढ़ कर लोक अदालत में प्रतिभाग किए जाने तथा लोक अदालत को सफल बनाने हेतु अपील की गई।